भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 791

जिसका उत्तर 07.12.2023 को दिया जाना है

राजमार्गों पर व्यय

791 श्री एस.मुनिस्वामी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2019 से अब तक कर्नाटक के कोलार चुनाव क्षेत्र में राजमार्ग निर्माण पर कुल कितना व्यय किया गया है;

(ख) कर्नाटक से कोलार में मई, 2019 से अब तक स्वीकृत राजमार्गों का ब्यौरा क्या है तथा कितने मौजूदा राजमार्गों का उन्नयन किया गया है; और

(ग) उक्त चुनाव क्षेत्र के लिए कितनी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

क) राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों पर व्यय राज्यवार और परियोजनावार रखा जाता है , लेकिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार नहीं। मई 2019 से कोलार संसदीय क्षेत्र में आंशिक या पूर्ण रूप से आने वाले स्वीकृत एनएच कार्यों पर कुल 3085 करोड़ रुपये खर्च किए गए ।

(ख) कर्नाटक राज्य में कोलार संसदीय क्षेत्र में आंशिक या पूर्ण रूप से आने वाले मई 2019 से स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग विकास/ उन्नयन कार्यों का विवरण नीचे दिया गया है:

<u>कोलार संसदीय क्षेत्र में आंशिक या पूर्ण रूप से आने वाले स्वीकृत एनएच कार्यों का विवरण</u>

क्र.सं.	वर्ष	स्वीकृत एनएच विकास परियोजनाओं की संख्या	लंबाई किमी में	स्वीकृत लागत करोड़ रूपये में
1	2019-20	1	17.5	1047.6
2	2020-21	3	53.5	4294.1
3	2021-22	1	11.1	97.5
4	2022-23	8***	25.5	649.3
5	2023-24 (04-12-23 तक)	-	-	-

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। क्रमिक वर्षों में शुरू की जाने वाली परियोजनाओं को डीपीआर के नतीजे, यातायात की मात्रा, परस्पर प्राथमिकता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर अंतिम रूप दिया जाता है

*****